31 OCT 12 2026.qxd 30-10-2026 23:03 Page 1

गणित एवं आंकड़ोंके सवालोंने उलझाया, ३५ फीसदी ने छोड़ी परीक्षा

भींगते हुए परीक्षा केंद्रोंपर पहुंचे पीईटी अभ्यर्थी
पीईटी २०२६ : कड़ी निगरानीके साथ हुई दोनों पालियोंकी परीक्षा

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी २०२६) शुक्रवार को सम्पन्न हो गयी। हालांकि सुबह से ही बारिश के कारण परीक्षार्थी भींगते हुए परीक्षा केंद्रों पर पहुंची।

कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई परीक्षा में ३५ फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। गणित एवं आंकड़ों पर आधारित सवालों ने अभ्यर्थियों को खूब उलझाया। तीन दिवसीय परीक्षा का आखिरी दिन एक नवंबर को है। दरअसल आयोग की ओर से तीन दिवसीय परीक्षाएं करायी जा रही है। प्रयागराज में ४८ परीक्षा केंद्र विभिन्न स्कूलों में बनाये गये हैं। यहां कुल एक लाख १३ हजार ४७२ परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी है। २५ अक्तूबर को पहले दिन की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई थी। दूसरे दिन की परीक्षा शुक्रवार को हुई। जानकारी के मुताबिक पहली पाली सुबह १०:०० बजे से दोपहर १२:०० बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ३:०० बजे से शाम ५:०० बजे तक आयोजित की गई। बारिश के मौसम के बावजूद दूर-दराज के जिलों और अन्य मंडलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने प्रयागराज पहुंचे। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर परीक्षार्थियों की काफी भीड़ रही। परीक्षार्थी भींगते हुए अपने परीक्षा केंद्र पहुंचे। खासकर छात्राओं को ज्यादा समस्या हुई। दो सत्रों में हुई परीक्षा में अभ्यर्थियों की तैयारी का व्यापक परीक्षण हुआ। भारतीय संविधान, इतिहास, अर्थव्यवस्था, भूगोल, विज्ञान और समसामयिक घटनाओं से जुड़े सवालों को प्रमुखता दी गई। गणित और आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझाया। शुक्रवार को हुई दोनों पालियों में कुल ३७,८२४ अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में १८,९१२ पंजीकृत अभ्यर्थियों में से १२,३०९ परीक्षा में शामिल हुए, जबकि ६,६०३ अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में १८,९१२ पंजीकृत अभ्यर्थियों में से १२,६४५ अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और ६,२६७ अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में ३४.९१ और दूसरी पाली में ३३.१३ प्रतिशत अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि आज हुई परीक्षा में ८० प्रतिशत परीक्षार्थी ही शामिल हुये।

डीएम ने किया परीक्षा केंद्रोंका निरीक्षण

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से शुक्रवार को आयोजित पीईटी २०२६ की परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराने के दृष्टिगत डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कर्नलगंज इण्टरमीडिएट कालेज, डीपी गर्ल्स इण्टरमीडिएट कालेज सहित अन्य विद्यालयों में बनाये गये परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं विद्युत आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाएं भी परखी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाये हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरो के माध्यम से हो रही मानिटरिंग को भी देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारिया प्राप्त की तथा परीक्षा में तैनात कार्मिकों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।



सीएवी इण्टर कालेजसे परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी।

दारागंजमें अधिवक्ताके घर पर बम फोड़कर भागे, दहशत

आवासका मुख्य गेट क्षतिग्रस्त, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

दारागंज थाना क्षेत्र निवासी एक अधिवक्ता के आवास पर अराजकतत्व आधी रात बाद बम फोड़कर दहशत फैला दी। बम फोड़ने के बाद आरोपित फरार हो गये। बम से आवास को मुख्य गेट क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालकर कुछ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है। दारागंज निवासी सूर्य कान्त शुक्ल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। २९ अक्तूबर की रात्रि करीब दो बजे से २.३० बजे के बीच उनके आवास पर बम से हमला किया गया। बम से उनके आवास का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके से वहां पर दहशत फैल गयी। जबतक वह बाहर देखते अराजकतत्व भाग गये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की । पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।दारागंज थाना प्रभारी नेबताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। कुछ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की जा रही है।

ब्यूटी पार्लर जानेके लिए निकली युवती, लापता

धूमनगंज थाना क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली १९ वर्षीय युवती संदिग्ध दशा में लापता हो गई। २८ अक्टूबर को दोपहर करीब साढ़े १२ बजे घर से निकली युवती वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर मामले में दो युवकों पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका है। तहरीर के मुताबिक, युवती के संपर्क में पुरामुफ्ती निवासी गोलू सिंह और धूमनगंज के भागल पुरवा निवासी सुजल कुशवाहा थे। आशंका है कि दोनों युवती को अपने साथ कहीं ले गए हैं या उसके साथ कोई अनहोनी हुई है। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।



जमीनमें और नकदी दबे होनेकी आशंकासे दिनभर चला सर्च आपरेशन

जीपीआर एवं डाग स्क्वायडसे ली जा रही मदद, खोदाईमें लगे दर्जनों मजदूर, लगाये गये सीसीटीवी कैमरे

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में जमीन के अंदर दबाकर रखे गए करोड़ों रुपये का रहस्य ४० घंटे बाद भी बरकरार है। शुक्रवार को भी मकान में दिनभर सर्च आपरेशन चलाया गया। आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जमीन के अंदर और ड्रमों में नकदी छिपाकर रखे जाने की आशंका पर व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। इसके लिए ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) और खोजी कुत्ते की भी मदद ली जा रही है। दर्जनों मजदूरों को खोदाई के लिए लगाया गया वहीं राजेश और राकेश से पूछताछ की जा रही है। वहीं गांव में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

तीन ड्रमों में मिले करोड़ों रुपये की गिनती अब शनिवार से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो राजेश यादव और उसके भाई राकेश यादव से पूछताछ में मकान के अंदर और नकदी छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ से जुड़ी जानकारी आधिकारिक तौर पर साझा नहीं की है। पुलिस ने राजेश यादव के कचहना में बने उसके नवनिर्मित कटरे पर भी निगरानी बढ़ा दी है। मकान और कटरे के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। दोनों स्थानों की चौबीस घंटे निगरानी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। बुधवार रात जमीन की खोदाई के दौरान तीन ड्रमों में मिली नोटों की गड्डियों की गिनती अब तक शुरू नहीं हो सकी है। आयकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम गुरुवार शाम को ही मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन मकान के अंदर और नकदी मिलने की आशंका के चलते पहले सर्च ऑपरेशन पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। तीनों ड्रम फिलहाल सील कर नवाबगंज थाने के मालखाने में रखे गए हैं। डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि तलाशी पूरी होने के बाद नकदी की गिनती शुरू कराई जाएगी। मकान के अंदर और भी रुपये होने की संभावना के तहत अभी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। तलाशी अभियान पूरी होने के बाद नोटों की गिनती शुरू होगी। बरामद तीनों ड्रम को सीज कर मालखाने में रखा गया है।



दीपावली एवं छठपर चलेंगी विशेष गाड़ियां

रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या ०४०५८ आनंद विहार टर्मिनल से शुक्रवार एवं मंगलवार को तीन से १७ नवम्बर तक कुल पांच फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या ०४०५७ छपरा से शुक्रवार एवं मंगलवार को तीन से १७ नवम्बर तक कुल पांच फेरे लगाएगी।इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०५०८७ मऊ से तीन एवं १० नवम्बर को कुल दो फेरे और गाड़ी संख्या ०५०८८ आनंद विहार टर्मिनल से चार एवं ११ नवम्बर को कुल दो फेरे लगायेगी। गाड़ी संख्या ०५०९१ गोरखपुर से नौ एवं १६ नवम्बर को कुल दो फेरे और गाड़ी संख्या ०५०९२ बांद्रा टर्मिनस से ११ नवम्बर एवं १८ नवम्बर को कुल दो फेरे लगायेगी।

बालोंके कारोबारमें मुनाफेका झांसा देकर ७.५० लाख रुपये हड़पे

पांच आरोपितोंने अलग-अलग किस्तोंमें लिए रुपये, कमरा छोड़कर फरार

बालों के कारोबार में अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पूरामुफ्ती के बमरौली उपरहार स्थित इंद्रनगर निवासी युवक से ७.५० लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि औरैया व इटावा के पांच लोगों ने उसे कारोबार में निवेश के लिए तैयार किया और अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन रुपये लेने के बाद वापस करने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपित यहां से कमरा छोड़कर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पूरामुफ्ती पुलिस ने पांचों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इंद्रनगर निवासी विक्की साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संजय सिंह, राहुल सिंह, मनोज सिंह, श्याम सिंह और फूल सिंह ने उसे बाल के कारोब्ार में अच्छा मुनाफा होने का भरोसा दिलाया था। इसके बाद संजय सिंह के खाते में ४.५० लाख रुपये और डेढ़ लाख रुपये दिए। रकम लेने के बाद आरोपित दो-तीन महीने तक कभी १५ हजार तो कभी २० हजार रुपये लौटाते रहे। इसके बाद आरोपितों ने सुल्तानपुर में फेरी लगाने वाले युवकों के पास कई किलो बाल जमा होने की बात कही। बाल खरीदने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपये और ले लिए। एक महीने में पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में गर्मी के कारण कारोबार बंद होने की बात कहकर टालने लगे। पीड़ित का आरोप है कि कई बार रुपये मांगने पर आरोपितों ने ३० जुलाई २०२६ तक पूरी रकम लौटाने का वादा किया। तय तारीख पर वह उनके कमरे पर पहुंचा तो मकान मालिक ने बताया कि सभी लोग कमरा छोड़कर जा चुके हैं। फोन करने पर आरोपितों ने पांच अगस्त तक का समय मांगा, लेकिन इसके बाद भी रुपये नहीं लौटाए। अब रकम देने से साफ इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुणेसे जुड़ रहे मिले करोड़ों रुपयेके तार

पुलिस सूत्रों की माने तो प्रारंभिक पूछताछ में वर्ष २०२० में पुणे के किसी सेठ के पास से रकम लेकर आने की बात सामने आई है। हालांकि, यह रकम चोरी करके लाई गई थी या सेठ ने अपना कथित काला धन छिपाने के लिए राजेश को सौंपा था, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने पुणे पुलिस से संपर्क कर रही है। जांच में यह भी पता चला है कि करोड़ों रुपये की नकदी एक बार में नहीं बल्कि कई बार लायी गयी है। पुलिस पता लगा रही है कि रकम कम और किसकी मदद से लाया गया। बताया जा रहा है कि एक टीम पुणे के लिए रवाना हुई है।

रेलवे स्टेशनोंपर उमड़ी परीक्षार्थियोंकी भीड़

प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज रामबाग सहित विभिन्न रेलवे स्टेशन पर पीईटी परीक्षा के चलते सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। परीक्षा की समाप्ति के बाद दूर-दराजके जनपदों से आये अभ्यर्थियों ने घर वापसी के लिए ट्रेनों का सहारा लिया। सुबह की पाली के बाद घर जाने वाले अभ्यर्थी दोपहर में और दूसरी पाली में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी शाम के वक्त ट्रेन के लिए स्टेशन पहुंचे। कई ट्रेनों में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने भीड़ के चलते ट्रेनों से खिड़की के रास्ते प्रवेश किया।

परीक्षा के चलते कुछ अभ्यर्थी ट्रेनों से गुरुवार की शाम तो कुछ शुक्रवार तड़के चार से पांच बजे के बीच आ गए। जो अपने-अपने केंद्रों पर तय समय से पहुंच गए। वहीं, दोपहर में परीक्षा खत्म होने के बाद अचानक भीड़ स्टेशन की ओर दौड़ी। दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज रामबाग सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में पीईटी परीक्षा में गुरुवार एवं शुक्रवार को रात्रि आठ बजे तक कुल ११ आउटवर्ड तथा चार इनवर्ड परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों की यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन ट्रेनों का विस्तार किया गया, आठ ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया तथा एक ट्रेन का पुनर्निर्धारण किया गया।शुक्रवार को संचालित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों में अलीगढ़ से कानपुर के लिए दो, शिकोहाबाद से इटावा होते हुए कानपुर के लिए एक, मैनपुरी से प्रयागराज के लिए एक, कानपुर से वाराणसी के लिए एक, कानपुर से प्रयागराज के लिए एक तथा प्रयागराज से वाराणसी के लिए एक विशेष ट्रेन का संचालन किया गया। बीते दोनों दिनों में आउटवर्ड परीक्षा स्पेशल ट्रेनें ११ तथा इनवर्ड परीक्षा स्पेशल चार ट्रेनें चलायी गयीं। तीन ट्रेनों का विस्तार, एक ट्रेन का पुनर्निर्धारण और आठ अतिरिक्त ठहराव किया गया। रेल प्रशासन द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा, सुचारु गमनागमन तथा भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष निगरानी रखी गयी।भीड़ को सम्भालने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण आरपीएफ और जीआरपी ने सभी परीक्षार्थियों को सुरक्षित ट्रेनों में बैठाया।

खिड़कीके रास्ते डिब्बोंमें घुसे अभ्यर्थी, आरपीएफ और जीआरपी को करनी पड़ी मशक्कत



शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष व्यवस्थाएं की गयीं। इसी क्रम में बीते

चालकों, परिचालकों एवं कार्यशाला कर्मियोंको मिलेगी प्रोत्साहन राशि

परिवहन निगम ने आगामी त्योहारों के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालकों, परिचालकों और तकनीकी कर्मियों के लिए एक आकर्षक प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

यह योजना ०६ से १७ नवम्बर तक कार्य निष्पादन के आधार मान्य होगी। संविदा एवं आउटसोर्सिंग सहित चालक एवं परिचालक न्यूनतम ११ दिवसों पर प्रतिदिन औसतन ३०० किमी अर्जित करेंगे तो उन्हें रु ४०० प्रतिदिन की दर से कुल रु ४,४०० का मुश्त प्रोत्साहन दिया जाएगा।

यदि वह १२ दिन की संपूर्ण अवधि में निरंतर ड्यूटी कर मानक पूरा करते हैं, तो उन्हें रु ४,८०० देय होगा। निर्धारित मानक से अधिक किमी अर्जित करने पर संविदा, बाह्य स्रोत चालकों-परिचालकों को प्रति अतिरिक्त किमी पर रु ०.५५ की दर से अतिरिक्त मानदेय मिलेगा।

इस अवधि में न्यूनतम ११ दिन इलेक्ट्रिक बस पर ड्यूटी कर ३३०० किमी संचालित करने वाले चालकों को रु १,००० का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

१२ दिन लगातार ड्यूटी करने वाले तकनीकी कर्मियों, कैश, ईटीआईएम, बैगवाइज, चेकिंग एवं डीजल पटल के कर्मियों (आउटसोर्सिंग सहित) को रु २,५०० तथा ११ दिन ड्यूटी करने वाले कार्यशाला कर्मियों को रु २,१०० मुश्त प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। प्रोत्साहन अवधि में योजना की पात्रता के लिए संबंधित क्षेत्र का लोडफैक्टर गत वर्ष की दीवाली की तुलना में ०३ इकाई अधिक होना अनिवार्य है।

दीपावली एवं छठ पर्वपर यात्रियोंके लिए चलेंगी १४८ अतिरिक्त बसें

हर पांच और दस मिनटपर चलेगी वाराणसी एवं लखनऊके लिए बसें

दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की सभावित भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रयागराज क्षेत्र विशेष इंतजाम किये जा रहे है। रोडवेज द्वारा यात्रियों को सुगम और अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए ०६ से १७ नवम्बर तक विभिन्न मार्गों पर प्रतिदिन अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इस वर्ष दीवाली का पर्व ०८ नवम्बर और छठ पर्व १५ नवम्बर को मनाया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए कुल १४८ अतिरिक्त ट्रिप का संचालन किया जाएगा। जिसमें प्रयागराज लखनऊ मार्ग पर ३४ अतिरिक्त ट्रिप चलेगी। इस मार्ग में हर १०-१० मिनट पर बसों का संचालन होगा।

प्रयागराज अयोध्या मार्ग पर २० अतिरिक्त ट्रिप हर १५-१५ मिनट संचालित होगी। प्रयागराज कानपुर मार्ग पर कुल २४ अतिरिक्त ट्रिप चलाई जायेगी। मार्ग पर बसें २०-२० मिनट पर चलेगी। प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर कुल २४ अतिरिक्त ट्रिप बसें हर ०५-०५ मिनट पर संचालित होगी। प्रयागराज, जौनपुर-गोरखपुर मार्ग पर २६ अतिरिक्त ट्रिप हर १५-१५ मिनट पर चलेगी। प्रयागराज मिर्जापुर मार्ग पर कुल १० अतिरिक्त ट्रिप २०-२० मिनट के अन्तराल पर चलायी जायेगी। प्रयागराज-बांदा मार्ग पर कुल १० अतिरिक्त ट्रिप हर १५-१५ मिनट के अन्तराल पर चलायी जायेगी।

पांच दिवसीय प्रकाश पर्व छह नवंबरसे

इस वर्ष धन तेरस से लेकर यम पंचकारम्भ दिन छह नवंबर से हस्त नक्षत्र के साथ हो रहा है। शुक्रवार होने से लक्ष्मी प्राप्ति का प्रबल योग है इसलिए रात्रि जागरण करते हुए वैदिक विधि से लक्ष्मी की पूजा करानी चाहिये। डा.पवन शुक्ला के अनुसार छह नवम्बर दिन शुक्रवार को दिन में ११.०६ बजे त्रयोदशी लग जायेगी और सायंकाल भी त्रयोदशी होनेके कारण धन्वन्तरि जयन्ती अर्थात धनतेरस मनायी जायेगी। सायंकाल अपमृत्यु निवारण के लिए घर के बाहर दरवाजे पर चतुर्मुख दीपक यमराज की प्रसन्नता के लिए जलायें। सात नवम्बर दिन शनिवार को दिन में १०.४६ बजे चतुर्दशी लग जायेगी। मास शिव रात्रि व्रत किया जायेगा तथा हनुमत जयन्ती अर्थात हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा एवं नर्क चतुर्दशी यम के लिए दीपदान किया जायेगा। आठ नवम्बर को दिन में १०, ५० पर अमावस्या लग जायेगी, इसलिए दीपावली का पर्व आठ नवम्बर को ही मनाया जायेगा। सायंकाल लक्ष्मी एवं कुबेर की पूजा और रात्रि मे महानिशा पूजा अर्थात काली जी का विशेष पूजन अर्चन होगा। नौ नवम्बर को सूर्योदय व्याप्त अमावस्या होने के कारण गंगा स्नान दान के लिए पुण्यात्मा होगी। महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस होगा। इसी दिन पूर्वान्ह ११,२० से प्रतिपदा लग जाने के कारण यम घंट मनाया जायेगा। काशी के अतिरिक्त लोग अन्नकूट भी मनाएंगे। १० दिसम्बर दिन मंगलवार की दोपहर १२,३७ बजे द्वितीया लग जायेगी। जिसके बाद भैया दूज, भगिनी गृहे भोजन एवं चित्रगुप्त एवं कलम दवात की पूजा होगी।(काशी क्षेत्र मे अन्नकूट गोवर्धन पूजा होगी)।जिसके बाद यम पंचक की समाप्ति हो जायेगी।

मोबाइल नेटवर्क की रही समस्या

सुबह से शाम तक मूसलाधार बारिश के चलते बिजली के साथ मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा भी बाधित होती रही है। नगर के अलग अलग इलाकों में जलजमाव के चलते भूमिगत केबिल और उपकरणों में फाल्ट के चलते नेटवर्क प्रभावित रहे है। दोपहर को मोबाइल नेटवर्क के गायब होने से बातचीत करने में बाधा बनती रही है। फाल्ट की समस्या को दूर करने के लिए कर्मचारी पूरे दिन जुटे रहे हैं। प्राइवेट संचार कंपनियों को नेटवर्क की शिकायत की सूचना उपभोक्ताओं द्वारा निरंतर दी जाती हरही है। जिस पर कर्मचारियों द्वारा शीघ्र निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया जाता रहा है। घंटों बाद समस्या का समाधान होने पर लोगों को राहत मिल सकी।

हादसेमें छात्रकी मौत मामलेमें एफआईआर दर्ज

मनमोहन पार्क चौराहाके पास कारने मारी थी टक्कर

कर्नलगंज थाना क्षेत्र स्थित मनमोहन पार्क चौराहे के पास गुरुवार की रात को कार की चपेट में आने से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक छात्र की मौत के मामले में कर्नलगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की ली है। मृतक के भाई अभिषेक ने तहरीर में फरार कार के नंबर का भी जिक्र किया है। चर्चा है कि पुलिस विभाग के किसी दरोगा की कार है। वहीं, हादसे में घायल छात्रा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कर्नलगंज पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालकर फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

कौशांबी जनपद के चरवा कस्बा निवासी राजपाल के बड़े बेटे अभिषेक कुमार ने तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई २० वर्षीय अनीश दिवाकर छोटा बघाड़ा में रहकर पढ़ाई करता था। अनीश गुरुवार को वाराणसी के जैतपुरा की रहने वाली एक छात्रा के साथ स्कूटी से जा रहा था। मनमोहन पार्क चौराहे और हिन्दू हॉस्टल चौराहे के बीच तेज रफ्तार का टक्कर मारकर फरार हो गई। हादसे में अनीश की मौत हो गई, जबकि घायल छात्रा अस्पताल में भर्ती है। परिजनों के मुताबिक उनको एक वीडियो फुटेज मिला है जिसमें एक पुलिस कर्मी की कार बतायी जा रही है।

मृतक तीन भाई एवं एक बहन में तीसरे नंबर का था। मृतक के पिता राजपाल प्राइवेट काम करते है। मां सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है। कर्नलगंज थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कार नंबर और सीसीटीवी फुटेज की मदद से फरार चालक की तलाश की जा रही है।

संदिग्ध दशामें मनसैता ग्राम प्रधान लापता

थरवई थाना क्षेत्र के मनसैता गांव के प्रधान जानकी नाथ यादव गुरुवार की रात संदिग्ध हालात में लापता हो गए। वह घर से बाहर किसी से मोबाइल पर बात रहे थे, लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। मोबाइल स्विच ऑफ होने और कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने थरवई थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने शुक्रवार को दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन प्रधान का पता नहीं चला। इधर, सपा विधायक आरके वर्मा और प्रधान संघ ने थाने पहुंचकर सकुशल बरामदगी की मांग की है। सोरांव ब्लॉक के मनसैता के ग्राम प्रधान जानकी नाथ यादव प्रधान संघ के महामंत्री भी है। उनके भाई छत्रपाल ने तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े सात बजे जानकी नाथ यादव किसी से बात करते हुए घर से बाहर निकला और लापता हो गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला और मोबाइल नंबर को भी सर्विलांस में लगाया है। थरवई रामलीला मैदान के पास मोबाइल का अंतिम लोकेशन मिला है। इधर, जानकी नाथ के लापता होने से परिजन अनहोनी की आशंका से चिह्नित हैं। उसकी पत्नी ज्योति यादव ने पहला करवाचौथ व्रत भी रखा था। थरवई थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि मोबाइल का सीडीआर निकाला जा रहा है। ग्राम प्रधान की तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

फतेहपुर, जौनपुर एवं प्रतापगढ़ मार्गपर बढ़ा बसोंका लोड

शुक्रवार को प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा होने से शहर में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों का जमावड़ा हुआ। परीक्षार्थियों की अनुमानित भीड़ के सापेक्ष परिवहन निगम ने बसों की व्यवस्था की थी लेकिन अधिकांश अभ्यर्थी ट्रेनोंसे गन्तव्य स्थल की ओर गये। पूरे दिन रूक-रूक कर



हो रही बारिश से महात्मा गांधी मार्ग स्थित विद्या वाहिनी बस अड्डे पर कीचड़ एवं जलभरांव की समस्या भी बढ़ी। हालांकिन रोडवेज बसों के संचालन की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जयकरन प्रसाद ने बताया कि रोडवेज बसें लगातार सुचारू रूप से चलती रही हैं।

केंद्र स्थानीय स्तर पर न होने के कारण यहां अधिकांश बाहरी यात्री फतेहपुर, जौनपुर और प्रतापगढ़ जाने के लिए आते रहे। उन्होंने बताया कि इन रूटों पर रोडवेज का सफर सामान्य रूप से जारी रहा और कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई।

वह खुद बस अड्डे पर ही बैठकर व्यवस्थाओं पर नजर रखते रहे। लोकल यात्रियों की भीड़ अपेक्षाकृत कम रही, क्योंकि ज्यादातर लोग ट्रेनों के माध्यम से यात्रा करना पसंद करते हैं। हालांकि, स्थानीय केंद्र भी उपलब्ध था लेकिन वह दूरी पर स्थित था।

५.९६ लाख किसानोंको मिली किसान सम्मान निधि

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनासकांठा गुजरात से पीएम किसान सम्मान निधि की २४वीं किस्त जारी की। इसके हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन के गंगा सभागार में हुआ। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत प्रयागराज के ५.९६ लाख किसान लाभान्वित हुए और दस किसानों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। बता दें कि किसानों को खेती के लिए बीज, खाद और अन्य कृषि निवेशों की व्यवस्था के लिए सरकार द्वारा आर्थिक प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कृषि उप निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा जनपद प्रयागराज के लगभग ५लाख ९६ हजार किसानों को भी किसान सम्मान निधि की २४वीं किस्त हस्तांतरित की गई। किसान सम्मान निधि के द्वारा किसान अपने खेती से जुड़े बीज खाद एवं अन्य प्रकार के निवेशों का इंतजाम समय से कर पाते है। इससे न केवल किसान को अपने फसल उत्पादन बल्कि अपनी आय की वृद्धि करने में भी किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता है। जिलाधिकारी द्वारा शंभू नाथ, नौनिहाल सिंह, मनोज कुमार मालवी, राम भजन, अयोध्या प्रसाद, कल्याण सिंह, पंकज सिंह, बलवंत सिंह, मलखान सिंह एवं अशर्फी लाल को किसान सम्मान निधि का स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।